**नवभारत की खबर का बड़ा असर**

# जब चला पुलिस का डंडा, खत्म हुआ मेन रोड पर पार्किंग का फंडा

**हरिफाटक ब्रिज के समीप अवैध पार्किंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई**

**उज्जैन।** आखिर हरिफाटक ब्रिज के समीप अवैध पार्किंग को हटाया गया, मौके पर जब ट्रैफिक पुलिस क्रेन लेकर पहुंची तो होटल संचालक वाहन चालकों और ट्रेवल्स एजेंसियो में हड़कंप मच गया.3 घंटे तक चली कार्रवाई में दो दर्जन से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ जुर्माना कर कार्रवाई की गई।

महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने को लेकर प्रकाशित नवभारत की खबर का शुक्रवार को बड़ा असर देखने को मिला। उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर हरिफाटक ब्रिज के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर लंबे समय से हो रही अवैध पार्किंग के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान 20 से अधिक वाहनों के चालान बनाए गए और वाहन चालकों को मौके पर ही जुर्माने की रसीद दी गई। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस, नीलगंगा थाना पुलिस और पुलिस बल ने मोर्चा संभाला। सड़क पर खड़े वाहनों को हटाने के लिए क्रेन भी बुलाई गई, जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया, जिन वाहन चालकों ने कार खड़ी कर होटल या अन्य स्थानों पर चले गए थे, उन्हें फोन कर मौके पर बुलाया गया और तत्काल वाहन हटवाए गए। बाहर से आए ट्रैवलर वाहनों को भी सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया गया। पुलिस ने होटल संचालकों को भी सख्त चेतावनी दी है कि वे अपने ग्राहकों के वाहन मुख्य सड़क पर खड़े करने की सलाह न दें। नीलगंगा थाना के सामने, नंदी चौराहा और हरिफाटक ब्रिज के आसपास यदि दोबारा अवैध पार्किंग कराई गई तो वाहन मालिकों के साथ होटल संचालकों पर भी कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि होटल वाले जानबूझकर मुख्य खाली सड़क मार्ग पर अपने ग्राहकों की गाड़ियां पार्क करवा देते हैं। हरिफाटक क्षेत्र सिंहस्थ-2028 के महत्वपूर्ण विकास कार्यों का प्रमुख मार्ग है। इसी रास्ते से जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारी निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, पर्यटक और शहरवासी भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। वहीं दूसरी ओर सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्यों के चलते डंपर, जेसीबी और अन्य भारी वाहन लगातार गुजर रहे हैं। ऐसे में सड़क का एक हिस्सा हर समय यातायात के लिए खाली रखना आवश्यक है। शुक्रवार की कार्रवाई के बाद स्थानीय नागरिकों ने राहत महसूस की और पुलिस की पहल की सराहना की। प्रशासन का कहना है कि यह केवल एक दिन का अभियान नहीं है, बल्कि आगे भी नियमित रूप से कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्य सड़क पर अवैध पार्किंग करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई होगी और जरूरत पड़ने पर वाहन क्रेन से हटाए जाएंगे।




### होटल और ट्रेवल्स वाले भी पहुंच गए

कार्रवाई की सूचना मिलते ही आसपास के होटल संचालक और ट्रेवल्स व्यवसायी भी मौके पर पहुंच गए। हल्के विरोध के बीच पुलिस ने स्पष्ट किया कि मुख्य सड़क पर किसी भी स्थिति में अवैध पार्किंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नवभारत से चर्चा में ट्रैफिक पुलिस अधिकारी दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि दो दर्जन से अधिक वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां नो पार्किंग के बोर्ड भी लगाए जाएंगे ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक अनजाने में सड़क किनारे वाहन खड़े न करें। कई बार लोग पहले से खड़े वाहनों को देखकर वहीं अपनी गाड़ी खड़ी कर देते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे में ट्रेवल्स और होटल संचालक भी अपनी होटल पर आने वाले अतिथियों के लिए वाहनों की पार्किंग कहां पर करेंगे इसके संबंध में आए थे।


हरिफाटक ब्रिज निर्माण के चलते कागजों पर ठेका बंद, मौके पर सड़कों पर कार पार्किंग

जनता अपनी कॉलोनी नहीं जा पा रही

मनमाना शुल्क वसूल रहे

दुर्घटना में फंसेगी एंबुलेंस

### पार्किंग से अवैध वसूली न हो

शहर में कई स्थानों पर निजी स्तर पर अवैध पार्किंग और मनमानी वसूली की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। लोगों का कहना है कि नगर निगम से अधिकृत पार्किंग का संचालन करने वाले ठेकेदार निर्धारित स्थान पर ही पार्किंग कराएं और तय शुल्क ही वसूलें। कई मामलों में निर्धारित राशि से अधिक, 400 से 1000 रुपए तक की अवैध वसूली की शिकायतें भी सामने आई हैं। ऐसी शिकायतों पर भी सख्त कार्रवाई की आवश्यकता जताई जा रही है। प्रशासन ने नागरिकों, श्रद्धालुओं, होटल संचालकों और ट्रेवल्स व्यवसायियों से अपील की है कि शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें, केवल अधिकृत पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़े करें और नियमों का पालन कर महाकाल की नगरी की सुव्यवस्थित एवं सुंदर छवि बनाए रखने में सहभागी बनें।

## वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, झोन की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** झोन क्रमांक 04 के झोन अध्यक्ष सुरेंद्र मैहर की अध्यक्षता में शुक्रवार को झोन समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी समय झोन अंतर्गत आने वाले वार्डों में वृहद स्तर पर पौधारोपण किए जाने के साथ ही 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत बड़े बकायदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में झोन अध्यक्ष की उपस्थिति में चर्चा की गई कि बारिश के समय को ध्यान में रखते हुए रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अधिक से अधिक करवाए जाए। बड़े-बड़े बिल्डिंग, शासकीय भवनों एवं वार्डों में नागरिकों से भी अपील करते हुए जल संरक्षण के उद्देश्य से रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अधिक से अधिक करवाए जाए। साथ ही झोन अंतर्गत आने वाले वार्डों में निर्माण कार्यों की समीक्षा, वार्डों में प्रकाश विभाग से संबंधित समस्याओं पर त्वरित निराकरण करना, बेक लाइन सौंदर्यीकरण, नामांतरण के प्रकरणों को अनावश्यक पेंडिंग नहीं रखना, बड़े बकायदारों को नोटिस जारी करते हुए कुर्की एवं तालाबंदी की प्रभावी कार्यवाही करना बारिश के दौरान रोड पेचवर्क एवं गड्ढे भरवा जाएं। ताकि नागरिकों को आवागमन में असुविधा न हो साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाते हुए सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत, पार्षद नीलम राजा कालरा, पार्षद राजेंद्र गब्बर कुवाल, एल्डरमैन धर्मेंद्र बरुआ, बालकृष्ण पटेल, जोनल अधिकारी जितेंद्र पाल सिंह जादौन, उपयंत्री अभिषेक रोकड़े, अर्जुन सिंह राजपूत, पूजा जायसवाल संपत्ति कर विभाग के एआरओ एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 3 बदमाशों ने मंदिर के गार्ड पर चाकू से किया हमला

**बदमाश महाकाल मंदिर के समीप ही फूल प्रसादी बेचने वाले बताए जा रहे**

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के सिक्योरिटी गार्ड पर शुक्रवार दोपहर तीन बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना महाकाल मंदिर परिसर में हुई। घायल गार्ड को साथी सिक्योरिटी गार्ड अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस द्वारा चाकू मारने वालों की तलाश की जा रही है। अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी में रहने वाला आकाश पिता राजेश राठौर महाकाल मंदिर में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है। दोपहर में वह मंदिर पहुंचा था और अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए ऑटोमेटिक थम मशीन पर पहुंचा था। इस दौरान पीछे से आए तीन बदमाशों ने उसके साथ गाली-गलौज की और चाकू से हमला कर दिया। सिक्योरिटी गार्ड को एक चाकू पेट पर लगा था और दो चाकू उसकी जांघ पर लगे वहां खून से लथपथ हो गया। उसे साथी सिक्योरिटी गार्ड बचाने पहुंचे तो बदमाशों ने उन्हें भी चाकू देखाकर धमकाया और भाग निकले। घायल को चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि चाकू मारने वाले बदमाश मंदिर के आसपास फूल प्रसादी बेचने का काम करते हैं। पूर्व में सिक्योरिटी गार्ड का उनसे मंदिर परिसर से हटाने की बात पर विवाद हुआ था। हमलावरों में एक का नाम अंशुल सामने आया है। महाकाल थाना पुलिस घायल के बयान दर्ज कर चाकू मारने वालों की तलाश कर रही है।

## महर्षि गौतम समाजोत्थान न्यास की साधारण सभा कल

**उज्जैन।** महर्षि गौतम समाजोत्थान न्यास फ्रीगंज की वार्षिक साधारण सभा 26 जुलाई, रविवार को प्रातः 10 बजे से शर्मा परिसर देवास रोड उज्जैन में आयोजित की जाएगी। न्यास के सचिव मनोज व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि सभा में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की ऑडिट आय-व्यय एवं बैलेंस शीट अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की जाएगी। इसके साथ ही अध्यक्ष की अनुमति से न्यास एवं समाजहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। न्यास की ओर से सभी सम्मानित ट्रस्टियों से समय पर उपस्थित होकर सुझाव एवं सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। क्योंकि न्यास की प्रगति, पारदर्शिता और समाजोत्थान के उद्देश्यों की पूर्ति में सभी न्यासियों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### एक नजर में



## एनसीसी अधिकारी भीमावद सम्मानित

**उज्जैन।** भारतीय स्कूल की 2 एमपी बटालियन एनसीसी के एनसीसी अधिकारी सुरेश भीमावद को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं एनसीसी के प्रति समर्पण के आधार पर 2 एमपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव थापा द्वारा सेकंड ऑफिसर से फर्स्ट ऑफिसर पद पर पदोन्नत किया गया। भीमावद विद्यालय में एनसीसी गतिविधियों के सफल संचालन, कैडेट्स को अनुशासित एवं नेतृत्वक्षम बनाने तथा विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों एवं प्रतियोगिताओं के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने में सदैव सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। इस उपलब्धि पर संस्था निदेशक अमृता कुलश्रेष्ठ, रचना श्रीवास्तव, डॉ. शिवा बंसल, विद्यालय परिवार, एनसीसी यूनिट, एनसीसी कैडेट्स, अभिभावकों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय की एनसीसी यूनिट नई उपलब्धियां अर्जित करेगी तथा अधिक से अधिक कैडेट्स राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

## 30 जुलाई को होंगी आठ प्रतियोगिताएं

**उज्जैन।** जिले के युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का सुनहरा अवसर है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के मेरा युवा भारत के तहत 30 जुलाई को माधव साइंस कॉलेज में जिला स्तरीय आठ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। नशा मुक्त युवा ङ्क विकसित भारत अभियान के तहत होने वाले इस आयोजन में जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा हिस्सा ले सकेंगे। अभियान के तहत लोकगीत, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद, लघु फिल्म व रील निर्माण, नारा लेखन और कविता पाठ प्रतियोगिताएं होंगी। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागी का उज्जैन जिले का निवासी होना अनिवार्य है। पते के प्रमाण के रूप में प्रतिभागी के पास उज्जैन जिले का मूल निवासी प्रमाण-पत्र या आधार कार्ड होना आवश्यक है। जानकारी के लिए युवा इंदिरा नगर चौराहा स्थित माई भारत कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

## 28 जुलाई से चातुर्मास आराधना

**उज्जैन।** शहर में 28 जुलाई से चातुर्मास आराधना शुरू होने जा रही है। इसके लिए 27 जुलाई को साध्वी वृंद का शहर में मंगल प्रवेश होगा। त्रिस्तुतिक संघ उज्जैन को इस वर्ष चातुर्मास की मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ है। साध्वी वृंद के चातुर्मास मंगल प्रवेश का सामैया 27 जुलाई, सोमवार को सुबह 9 बजे क्षीरसागर स्थित महाराष्ट्र समाज धर्मशाला से शुरू होगा। यह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महावीर जैन रंगमहल धर्मशाला पहुंचेगा, जहां यह धर्मसभा में परिवर्तित होगा। यहां स्वागत और वंदन के साथ साध्वी रिद्धिनिधि के प्रवचन होंगे। सौधर्म वृहतपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन संघ द्वारा आयोजित इस चातुर्मास का मुख्य स्थल नमक मंडी स्थित राजेन्द्र सूरी जैन ज्ञान मंदिर रहेगा। यह आयोजन राजेन्द्रसूरिश्वर और जयंतसेन सूरिश्वर की कृपा तथा गच्छाधिपति आचार्य नित्यसेन सुरीश्वर एवं आचार्य जयरत्न सूरिश्वर की आज्ञावर्तिनी साध्वी अनन्तदृष्ठा और साध्वी मयूरकला की शिष्या साध्वी रिद्धिनिधि आदि ठाणा 6 के सानिध्य में होगा। चातुर्मास के इन चार महीनों के दौरान तप, जप, स्वाध्याय, ध्यान, प्रवचन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। संघ ने सभी श्रद्धालुओं से प्रवेशोत्सव में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

## जल स्त्रोतों का कराया जा रहा क्लोरीनीकरण

**उज्जैन।** उज्जैन ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल स्त्रोतों की जांच एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्य किए जा रहे हैं। एसडीएम उज्जैन ग्रामीण कृतिका भीमावद ने बताया कि कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उज्जैन ग्रामीण क्षेत्र में जल स्त्रोतों के परीक्षण के उपरांत पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से जल स्त्रोतों का क्लोरीनीकरण कराया जा रहा है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य जल जनित बीमारियों की रोकथाम एवं ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता की नियमित निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

## कृषि मंडी में बाइक सवार को लोडिंग वाहन ने कुचला, अस्पताल जाने से पूर्व हुई मौत

**उज्जैन।** शुक्रवार सुबह कृषि उपज मंडी में हुई दुर्घटना के दौरान बाइक सवार की मौत हो गई। दुर्घटना की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की बाइक और दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन को जब्त किया गया है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि कृषि उपज मंडी में सोयाबीन से भारी लोडिंग गाड़ी पहुंची थी। इस दौरान मंडी के पीछे पटेल नगर में रहने वाला अनुज मिश्रा नामक युवक बाइक से गुजर रहा था। उसकी भिड़ंत सोयाबीन से भरे लोडिंग वाहन से हो गई। दुर्घटना में गंभीर चोट लगने पर अनुज पिता गजेंद्र मिश्रा गंभीर घायल हो गया उसे अस्पताल पहुंचाया जाता लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। कृषि उपज मंडी परिसर में हुई दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई थी। चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सोयाबीन से भरे लोडिंग वाहन के साथ मृतक की बाइक को जब्त किया गया और बाइक सवार के परिजनों को सूचना दी गई। घटना स्थल से पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचा है। लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे इस दौरान सामने आया कि अनुज आयुर्वैदिक मेडिकल पर काम करता था और घर से सुबह मेडिकल जाने के लिए निकला था।

# मंछामन मल्टी से कूदे दोहरे हत्याकांड के दो आरोपी

**भागने के प्रयास में गिरा नाबालिग भी पुलिस की हिरासत में आया**

**उज्जैन। नीलगंगा चौराहा पर गोरकर परिवार के दो सगे भाइयों की हत्या करने वाले आरोपियों की पुलिस लगातार तलाश कर रही है। शुक्रवार को तीन आरोपियों के मंछामन मल्टी में छुपे होने की खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। पुलिस को देख दो आरोपी मल्टी से कूद गए। एक नाबालिग आरोपी भागने के प्रयास में गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया है जिनका अभिरक्षा में उपचार चल रहा है।**

शनिवार रात को नीलगंगा चौराहा पर पासी परिवार के 20 से 25 बदमाशों ने गोरकर परिवार पर कातिलाना हमला कर दिया था। हमले में दो सगे भाई लोकेश और जय उर्फ जितेश की मौत हो गई थी। बीच बचाओ में आए दोनों भाइयों के चाचा दिलीप बोरकर और चचेरा भाई तपन घायल हो गया था। पुलिस ने 8 नामजद और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एक हमलावर नरेश पासी पुलिस के शर्ट एनकाउंटर में पकड़ा गया था। अन्य हमलावर आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही थी।



### ऐसे दबोचा थाना प्रभारी और उनकी टीम ने आरोपियों को

शुक्रवार दोपहर सूचना मिली कि हमले में शामिल कुछ आरोपी मंछामन मल्टी में छुपे हुए हैं। थाना प्रभारी तरुण कुरील टीम के साथ मल्टी में पहुंचे और घेराबंदी की गई। पुलिस को देख दो आरोपी पीयूष पासी और विवेक वर्मा मल्टी की दूसरी मंजिल से कूद कर भागने का प्रयास करते समय गिरकर घायल हो गए। उनके नाबालिग के साथी ने पुलिस को भागने का प्रयास किया लेकिन वह भी गिर गया जिसे मौके पर दबोच लिया गया। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां पीयूष पासी और विवेक वर्मा को अभिरक्षा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। नाबालिग का प्राथमिक उपचार कराया गया है। पुलिस अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्य आरोपी रोशन पासी अभी फरार है। मामले में 15 से 20 आरोपी बनाया जा सकते हैं।

## डाईंग कैडर के पदों पर भी मिलेगी पदोन्नति, निगमायुक्त ने दिए निर्देश

**उज्जैन। मेला कार्यालय स्थित स्मार्ट सिटी बैठक कक्ष में गुरुवार को कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों के साथ निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने बैठक की। इसमें कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर सहमति बनी और संबंधित अधिकारियों को इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।**

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सफाई कामगार संघ, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट ने निगमायुक्त को मांग-पत्र सौंपा। कोरट ने बताया कि अन्य नगर निगमों की तरह यहां श्रमिकों को पदोन्नत नहीं किया गया है। सहायक उपयंत्री, सर्वेयर, सहायक वायरमैन सहित अन्य पदों पर भी पदोन्नति नहीं हुई है। इस पर निगमायुक्त ने स्थापना अधिकारियों को निर्देशित किया कि डाईंग कैडर के पदों पर भी पदोन्नति की कार्रवाई की जाए। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की 10 प्रतिशत रोकी गई राशि का मुद्दा भी उठा। पेंशन विभाग द्वारा 4-5 वर्ष बाद भी फाइलों का निराकरण नहीं होने पर निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि इस राशि का निराकरण सेवानिवृत्ति के 6 माह के भीतर ही कर दिया जाए और पुरानी लंबित फाइलों को तुरंत निपटाया जाए।



### कर्मचारी संघ के यह पदाधिकारी रहे मौजूद

बैठक में संबंधित अधिकारियों के साथ तीनों कर्मचारी संघ के पदाधिकारी पवन व्यास, चंदगीराम टांकले, रमेशचंद्र निगम, रमेशचंद्र रघुवंशी, अजयप्रकाश मेहता, मनसुख मेहरवाल, संदीप कलोसिया, शैलेष नागर, संतोष शर्मा, सुरेन्द्र सारवान और कमलेश चावरे उपस्थित रहे।

## प्राधिकरण का नैवेद्य लोक स्वाद और मनोरंजन शौकीनों का नया केंद्र

**उज्जैन।** विकास प्राधिकरण ने इंदौर की छप्पन दुकान की तर्ज पर नानाखेडा क्षेत्र उज्जैन में एक बडा फूड झोन नैवेद्य लोक के रूप में 10 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है। 28000 वर्ग फीट के बेहतरीन थीम बेस्ड परिसर में शहर की पहली डेडिकेटेड ओपन मॉल की तर्ज पर भोजन, संस्कृति एवं मनोरंजन का आधुनिक केंद्र तैयार किया गया है। उक्त लोक में क्रमवार आकर्षक शॉप्स बनाकर शेड का भी निर्माण किया गया है ताकि धूप और बारिश भी आनंद में बाधा न बन सके। साथ ही कल्चरल परफार्मेंस के लिये ओपन ऐरिया थिएटर एवं आकर्षक वाल आर्ट एवं सेल्फी पांईट भी इसके मुख्य आकर्षण है। यूनिफार्म साईनेज एवं सिटआउट एरिया साथ ही आकर्षक लेंडस्केपिंग एवं गोंड आट के साथ-साथ फूड कोर्ट में स्वाद का आनंद लेने के लिये यहां आकर्षक लाइटिंग के साथ साथ बैठने की उत्तम व्यवस्था है।

## पिछले 24 घंटे में जिले में औसत 8 .8 मिमी वर्षा

**उज्जैन।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला उज्जैन में पिछले 24 घंटे में औसत 8.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इसमें सर्वाधिक वर्षा खाचरौद तहसील में 31.0 मिमी हुई हैं। इसी प्रकार घट्टिया तहसील में 3.0 मिमी, नागदा में 13.0 मिमी, बड़नगर में 29.0 मिमी, झारडा में 2.0 मिमी तथा माकड़ौन में 1.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून 2026 से लेकर आज तक जिले की औसत कुल वर्षा 317.8 मिमी दर्ज की गई है। इसी अवधि में गत वर्ष की औसत कुल वर्षा 250.9 मिमी थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 906.2 मिलीमीटर है।

**एक नजर में** — रविवार को स्कूल चालू रहेंगे, कलेक्टर ने कहा शीघ्र जारी होंगे बदलाव के आदेश

# श्रावण-भादो की सवारियों के दौरान सोमवार को स्कूलों की छुट्टी होगी

**उज्जैन। महाकाल की श्रावण व भादो मास में निकलने वाली सवारियों के दौरान शहर में उमड़ने वाली भारी भीड़ और यातायात जाम को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों के संचालन में बदलाव करने का निर्णय लिया है। 3 अगस्त से 31 अगस्त तक उज्जैन शहर के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में सोमवार को अवकाश रहेगा, जबकि उसकी भरपाई के लिए एक दिन पहले यानी रविवार को नियमित कक्षाएं लगेंगी।**

श्रावण मास की शुरुआत 30 जुलाई से हो रही है। इस वर्ष भगवान महाकाल की कुल छह सवारियां निकाली जाएंगी। इनमें चार सवारियां श्रावण में 3, 10, 17 और 24 अगस्त को निकलेंगी। इसके बाद भादौ मास में 31 अगस्त को पांचवीं और 7 सितंबर को आखिरी राजसी सवारी निकाली जाएगी। जिला प्रशासन के निर्णय के अनुसार 31 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार को स्कूल बंद रहेंगे और उससे एक दिन पहले रविवार को स्कूल संचालित किए जाएंगे। यह व्यवस्था केवल उज्जैन शहर के सरकारी और निजी स्कूलों पर लागू होगी। वहीं 7 सितंबर को निकलने वाली राजसी सवारी के दौरान हर वर्ष की तरह पूरे जिले में अवकाश घोषित किया जाएगा। ऐसे में अंतिम सवारी के दौरान रविवार और सोमवार दोनों दिन स्कूल बंद रहेंगे। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि महाकाल की सवारी के दौरान स्कूल संचालन की व्यवस्था में हर वर्ष की तरह बदलाव किया जाएगा। इस संबंध में जल्द आधिकारिक आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

### राम गिरि जी की पुण्यतिथि पर संत भंडारा

उज्जैन। शिप्रा तट स्थित प्राचीन श्री दत्त अखाड़े में शुक्रवार को ब्रह्मलीन पीर महंत गादीपति श्री राम गिरि जी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाई गई। इस अवसर पर वार्षिक पूजन, आरती एवं संत भंडारे का आयोजन किया गया। वर्तमान गादीपति पीर महंत सुंदर पुरी महाराज के सानिध्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के तहत प्रात:काल ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात आरती कर भगवान को भोग अर्पित किया गया। महंत श्री रामेश्वर गिरि महाराज ने बताया कि पूजन के बाद संत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त शैव, वैष्णव एवं उदासीन अखाड़ों के संत-महंतों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में महंत आनंद पुरी महाराज, देवी गिरि महाराज सहित अनेक संत-महंत उपस्थित रहे। विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर संत-महंतों से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। महंत रामेश्वर गिरि महाराज ने बताया कि दत्त अखाड़े की परंपरा के अनुसार यहां के सभी ब्रह्मलीन गादीपति संत-महंतों की पुण्यतिथि पर संत भंडारे का आयोजन किया जाता है।